Email : guj.abhgb@gmail.com website : https://hgbsgujarat.org

# हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात

तंत्री एवं प्रधान संपादक
विजयकुमार छत्रपालजी शर्मा (चोरीवाड-साबरकांठा)

• वर्ष : 2 • अंक : 16
•30 जून 2025, सोमवार

सहतंत्री
• कमलेश शर्मा (पनवाडिया-थोलाईवाले), • रामअवतार एम.शर्मा (कुडाया), अहमदाबाद, • उमेश कुडाया (कठवाडा)

# हरियाणा गौड़ ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका ने सफलता के दो वर्ष पूरे किए

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज - गुजरात प्रदेश के लिए यह गौरव की बात है। अब समाज की खबरों को देश-प्रदेश के साथ-साथ समाज के सोशल प्लेटफॉर्म और वेबसाइट तक व्यापक रूप से पहुंचाने वाले सशक्त माध्यम "हरियाणा गौड़ ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका" की समाचार यात्रा ने सफलतापूर्वक 2 वर्ष पूरे कर लिए हैं। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज - गुजरात प्रदेश की विविध जानकारियां, शिक्षा, संगठन के साथ-साथ समाज के सदस्यों की व्यक्तिगत सेवाओं और विभिन्न उपलब्धियों को समेटे गुजरात पत्रिका अब घर-घर पढ़ी जा रही है और पाठकों में लगातार खबरें देने की उत्सुकता बनी हुई है। पाठकों से मिल रहे शानदार प्रतिसाद के बाद गुजरात पत्रिका अपनी यात्रा को निरंतर जारी रखने का प्रयास कर रही है।

आज से दो वर्ष पूर्व जून 2023 में गुजरात सेवा संगठन की बैठक में पत्रिका शुरू करने का औपचारिक निर्णय लिया गया था। जिसमें सबसे पहले साबरकांठा से विजयभाई शर्मा (चोरीवाड़) ने सामाजिक सूचनाओं के लिए पत्रिका प्रकाशित करने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद पत्रकार पंकज शर्मा (बोपल-अहमदाबाद) ने पत्रिका के लिए आवश्यक समाचारलेखन और समाचार जुटाने की जिम्मेदारी संभाली.. और धीरे-धीरे पत्रिका की टीम का विस्तार होता चला गया। पत्रिका के संपादक के रूप में विजयभाई शर्मा (चोरीवाड़-साबरकांठा), सह-संपादक के रूप में कमलेशभाई शर्मा (पनवाडिया-ईसनपुर), रामावतार शर्मा





(कुडाया-अहमदाबाद), उमेश कुडाया (कणभा) शामिल हुए। इतना ही नहीं हितेश शर्मा (सिद्धपुर), जगदीश शर्मा (पाटन), विनोद शर्मा (शामलाजी), मनीषा शर्मा (वडोदरा), हरीश पंडित (गोधरा), डॉ. दौलत कुमार शर्मा (गांधीनगर), राजूभाई शर्मा (सूरत), सागर शर्मा (आणंद), नैना शर्मा (अहमदाबाद), गयाप्रसाद शर्मा (दिल्ली),राजकुमार शर्मा(देलोल-पंचमहाल) और अन्य सदस्य टीम में शामिल हुए। पत्रिका टीम के सदस्यों और संपादकीय स्टाफ के आर्थिक योगदान से सामाजिक सूचनाओं का आदान-प्रदान और अधिक सुलभ हो गया। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका का लोकार्पण आणंद से सांसद श्री मितेशभाई पटेल ने अखिल गुजरात हरियाणा गौड़ ब्राह्मण सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संजय पंडित की विशेष उपस्थिति में किया। तब से लेकर अब तक गुजरात पत्रिका के विभिन्न अंक डिजिटल रूप से प्रकाशित हो चुके हैं। तथा सभी प्रकाशित अंक समाज की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं। समाज की वेबसाइट https://hgbsgujarat.org/news पर दिए गए लिंक पर क्लिक करके समाज के सदस्य सभी समाचार देख सकते हैं।

प्रिय समाजबंधुओ, हर चीज को सिर्फ लाभ के तराजू में तौलना भी उचित नहीं है। जानकारी साझा करना तथा प्रगतिशील समाचारों का विश्लेषण करना तथा समाज के सदस्यों की उपलब्धियों को प्रकाशित करना उनका उत्साहवर्धन करता है। समाज संगठन में कार्यक्रम बार-बार नहीं होते। जिस समाज में सही समय पर उचित प्रगति को नोटिस नही किया जाता वहां सफल लोग भी समाज के प्रति लापरवाह या उदासीन हो जाते हैं। हम यही प्रोत्साहन का कार्य कर रहे हैं। जिसमें आवश्यक है कि पूरे गुजरात से समाज के सदस्यों का स्नेह और समर्थन मिलता रहे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे समाज का कुछ भी नुकसान नही होता। सिर्फ फायदा ही फायदा है।

साथियों, आज का युग जानकारी प्राप्त करने और अपने आपको जानकारीयो से अपडेट रखने का है। हम दूसरे समाजों में देखते हैं कि बहुत प्रगति हो रही है और उनकी खबर अखबारो में भी प्रकाशित होती है। लेकिन अब हमारे समाज में भी छोटी-छोटी उपलब्धियों को उजागर करने के लिए जगह आसान हो गई है। गुजरात पत्रिका की टीम समाज के लिए, समाज से और समाज की ओर से सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए बहुत सक्रियता से काम कर रही है। आगे भी हमारी पूरी टीम इस कार्य को अधिक क्षमता से बढावा देगी। नए समाचार सूचक सदस्यो को जोडेगी। आपका साथ मिले यही इश्वर कृपा। जय परशुराम, जय समाज

# समाज के लिए गर्व की क्षण : सचि शर्मा का UPSC में हुआ चयन

रिपोर्ट पंकज शर्मा, अहमदाबाद : समाज होनहार बेटी सची शर्मा सुपुत्री श्री महेश चंद शर्मा आउट साइड दिल्ली गेट, मोहोल्ला खास अलवर ने UPSC- 2024 में सफलता प्राप्त कर न सिर्फ अपने क्षेत्र का, बल्कि अपने पूरे परिवार-समाज का नाम रोशन किया है।

यह जीत सिर्फ एक परीक्षा में उत्तीर्ण होने की कहानी नहीं, बल्कि उन संघर्षों, सपनों और अटूट विश्वास की कहानी है, जिसे सची ने अपने कठिन परिश्रम और बुलंद हौसले से साकार किया। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि मंज़िल चाहे जितनी भी कठिन क्यों न हो, अगर इरादे मजबूत हों, तो कोई





भी सपना अधूरा नहीं रहता। सची ने यह भी दिखाया कि बड़े शहरों या सुविधाओं की सीमाएँ कभी भी किसी के सपनों की उड़ान को नहीं रोक सकतीं। उनकी यह सफलता समाज ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश और देश की बेटियों के लिए प्रेरणा है। उन्हें इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर ढेरों बधाई और उज्ज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएँ। महासभा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चन्द बसवाला दुर्गापुरा व समाज बंधुओं ने बधाई दी। इस दौरान भाजपा जयपुर उपाध्यक्ष कैदार शर्मा दुर्गापुरा, जिला पार्षद जगदीश नारायण रायपुरा, रामेश्वर कुंजगडिया चाकसू, घासी पंचोली चतराला, रामकिशोर ढाचोलियां टोंक फाटक, पूर्व सांगानेर तहसील अध्यक्ष गोपाल भीवाल, मदन रामजीपुरा, लक्ष्मीनारायण बसवाला दुर्गापुरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका टीम एवं गुजरात प्रदेश संगठन के सभी समाजबंधुओ की ओर से सचि महेश शर्मा (ढांचोंलिया) का भारतीय प्रशासनिक सेवा में अंतिम चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए देती है।

वाकई में हम सभी के लिए गर्व व गौरव का विषय है। आपकी हनत, धैर्य और संकल्प से यह सफलता हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि समाज को भी गौरवान्वित किया है। सदैव आगे बढ़ते रहें और समाज व देश सेवा में नया आयाम स्थापित करें। गुजरात के समाजबंधुओ आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

# चिराग शर्मा की कप्तानी में जगुआर-11 टीम विजयी हुई

साबरकांठा-अरवल्ली जिला टूर्नामेंट का आयोजन जिला अध्यक्ष चंद्रेशभाई शर्मा एवं उपाध्यक्ष राजूभाई शर्मा के नेतृत्व में किया गया











हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज-गुजरात क्षेत्र में विभिन्न जिला संगठनों द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। अहमदाबाद और पंचमहाल के बाद अब साबरकाठा-अरवल्ली जिला संगठन की ओर से भी भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। साबरकांठा-अरवल्ली जिला अध्यक्ष चंद्रेशभाई शर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष राजूभाई शर्मा के नेतृत्व में समिति सदस्यों द्वारा शनिवार 3 मई 2025 को एक दिन-रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। हिम्मतनगर स्थित गैलेक्सी स्पॉट क्लब क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में 60 से अधिक युवा समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। कुल 6 टीमें गठित की गई। फाइनल मुकाबले में चिराग शर्मा की कप्तानी वाली जगुआर-11 टीम को विजेता घोषित किया गया। विजेता टीम को जिला संगठन द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। आयोजन कर्ता टीम के सदस्य - चंद्रेश शर्मा(अध्यक्ष), राजूभाई शर्मा(उपाध्यक्ष), सुनील शर्मा(कोषाध्यक्ष), दीपक शर्मा(सह कोषाध्यक्ष), विनोद शर्मा (मंत्री), मुकेश शर्मा (मंत्री), संजय शर्मा (मंत्री) एवं प्रमोद शर्मा, विजय शर्मा ,अजय शर्मा, योगेश शर्मा, दिनेश शर्मा , दिनेश पंडित, देवांग पंडित , मनोज शर्मा , संतोष शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा , दिनेश शर्मा, मनोज शर्मा ने मिलकर क्रिकेट खेल का लुफ्त उठाया।

---

**समाज को दिया बडा संदेश**

# रूपेश गोगोरिया के परिवारने दहेज मुक्त शादी कर शगुन-उपहार की राशि इन्दौर इकाई को भेंट की



अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा, मध्य प्रदेश इकाई के मंत्री और श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज इंदौर के कार्यकारिणी सदस्य श्रीमान रूपेश जी शर्मा - गोगोरिया के द्वारा अपने ज्येष्ठ सुपुत्र श्री अखिल शर्मा के शुभ विवाह को पूर्व संकल्पित आर्थिक व दहेज मुक्त प्रकल्प के द्वारा सभी सामाजिक रीति रिवाजों और रस्मों के द्वारा बिना किसी अर्थिक लेन देन करे बगैर संपन्न कराया गया। जिसमें उनके द्वारा सिर्फ शगुनात्मक उपहार राशि आशीर्वाद स्वरुप स्वीकार की गई तथा वर्तमान में समाज में शादियों में रीति


HDFC BANK
RTGS / NEFT IFSC : HDFC0000036
16 06 2025
Pay SHRI HARIYANA GOUD BRAHMAN SAMAJ Or Bearer
Rupees Forty One Thousand Only
₹ 41,000/-
A/c. No. 50100287168429 SB A/C (New Account)
Payable at par through clearing/transfer at all branches of HDFC BANK LTD

रिवाजों में सगाई, लगन, मामेरा, तिलक दस्तूर और आशीर्वाद समारोह के नाम पर हो रहे दिखावटी अनावश्यक खर्चों को बंद करने की एक सकारात्मक पहल की शुरूवात की ताकि भविष्य में सभी सामाजिक सदस्य भी अपने परिवार में होने वाले मांगलिक कार्यों के साथ ही अन्य सामाजिक कार्यों को भी बिना किसी आर्थिक दवाब के निर्विघ्न संपन्न करा सके। इस मौके पर उन्होंने समाज के सभी साथियों को भी स्वयं दृढ़संकल्पित रहकर कठोर फैसले लेने का आह्वान किया तभी इन सामाजिक कुरीतियों को दरकिनार करके प्रत्येक समाज चहुंमुखी विकास के साथ अपने सुनहरे भविष्य की और अग्रसरित हो पाएगा। आज इसी संदर्भ में रूपेश जी शर्मा - गोगोरिया द्वारा श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज इंदौर के अध्यक्ष श्री मनीष जी भोंगा को विवाह समारोह में उपहार स्वरुप प्राप्त समस्त राशि रू.41000/- का चेक समाज के आयोजनों हेतु आवश्यक उद्यान के लिए समर्पित की गई।

# CBSE बोर्ड परीक्षा में समाज के तेजस्वी छात्र-छात्रा को अभिनंदन

## हार्दिक अभिनंदन
CBSE बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



**शौर्य रुपेश शर्मा**
(Percentage-90%)
Grade - A2 | कक्षा - 10
जिला - तिरुमाला अपार्टमेन्ट,इन्दौर

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन
CBSE बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



**मीत विजयकुमार शर्मा**
(Percentage-75%)
Grade - A2 | कक्षा - 12 कोमर्स
जिला - मांजलपुर,वडोदरा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन
CBSE बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



**क्रिष्ना महेन्द्र शर्मा**
(Percentage-84%)
Grade - A1 | कक्षा - 12(कोमर्स)
जिला - वापी

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन
CBSE बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



**यशिका कुनाल शर्मा**
(Percentage-82%)
Grade - B1 | कक्षा - 10
जिला - नोएडा-दिल्ली

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन
CBSE बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



**नयन सुनिलकुमार शर्मा**
(Percentage-71.2%)
Grade - B2 | कक्षा - 10
जिला - पाटण

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम


## हार्दिक अभिनंदन
CBSE बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



**विज्वल शैलेन्द्र शर्मा**
(Percentage-90%)
Grade - A2 | कक्षा - 10
जिला - वडोदरा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन
CBSE बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



**आराध्या योगेश शर्मा**
(Percentage-85%)
Grade - A2 | कक्षा - 10
जिला - ऐयरपोर्ट रोड, इन्दौर

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन
CBSE बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



**लकी कमलेश पंडित**
(Percentage-76%)
Grade - A2 | कक्षा - 10
जिला - दहेगाम, गांधीनगर

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन
CBSE बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



**प्रज्ञान राजाराम शर्मा**
(Percentage-78.8%)
Grade - B2 | कक्षा - 10
जिला - बोपल,अहमदाबाद

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन
CBSE बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



**किर्ती श्यामबाबू शर्मा**
(Percentage-76.6%)
Grade - B1 | कक्षा - 10
जिला - भदरौल-उझानी-बदायूं)

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन
CBSE बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



**भक्ति संजय शर्मा**
(Percentage-93%)
Grade - A1 | कक्षा - 12 कोमर्स
जिला - रतलाम, मध्यप्रदेश

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन
CBSE बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



**वैदिक संजय शर्मा**
(Percentage-63%)
Grade - B | कक्षा - 12 सायन्स
जिला - नवा नरोडा, अहमदाबाद

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

**सूचना** समाज की इस पत्रिका में लेख, आर्टिकल या विज्ञापनदाता द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के दावे या प्रस्तुतिकरण के लिए पत्रिका प्रबंधन जिम्मेदार नही है, पत्रिका का उद्देश्य समाज की जानकारीया और समाजबंधुओ से मिलनेवाली सकारात्मक खबरो को सही ढंग से लोगो तक पहुंचाना है।

# 10वी बोर्ड परीक्षा में समाज के छात्र-छात्राओने बढाया गौरव

## हार्दिक अभिनंदन



**नंदिनी बाबुलाल शर्मा**
(पर्सन्टाईल-56.09%)
Grade - B2 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - वडाली,साबरकांठा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**अपेक्षा मुकेश शर्मा**
(पर्सन्टाईल-66.24%)
Grade - B2 | कक्षा - 10(बोर्ड परीक्षा)
जिला - आजवा रोड,वडोदरा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**हिरल विशाल शर्मा**
(पर्सन्टाईल-94.71%)
Grade - A2 | कक्षा - 10(बोर्ड परीक्षा)
जिला - नागरवेल, अहमदाबाद

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम


## हार्दिक अभिनंदन



**दिशा पवनकुमार शर्मा**
(पर्सन्टाईल-81.57%)
Grade - B1 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - खेडब्रह्मा, साबरकांठा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**हिरल अमितकुमार शर्मा**
(पर्सन्टाईल-55.08%)
Grade - B2 | कक्षा - 10(बोर्ड परीक्षा)
जिला - मोडासा, अरवल्ली

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**सुमित संजयकुमार शर्मा**
(Percentage-61.76%)
Grade - B2 | कक्षा - 10
जिला - आसोज,वाघोडिया, वडोदरा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**आर्यन दिनेशभाई शर्मा**
(Percentile-63.69%)
Grade - B2 | कक्षा - 10
जिला - भीलडी-डीसा-बनासकांठा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**रिया हितेशकुमार पंडित**
(पर्सन्टाईल-75.8%)
Grade - B1 | कक्षा - 10(बोर्ड परीक्षा)
जिला - डाकोर, खेडा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**भावेश राजकुमार शर्मा**
(पर्सन्टाईल-78.23%)
Grade - B1 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - वडाली, साबरकांठा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**रुद्र कमलेशभाई शर्मा**
(पर्सन्टाईल-70.88%)
Grade - B1 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - गांव-राजपुर, सिद्धपुर (पाटण)

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**सावन राजेशभाई शर्मा**
(पर्सन्टाईल-94.56%)
Grade - A2 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - तरसाली,वडोदरा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**पार्थ नरेशकुमार शर्मा**
(पर्सन्टाईल-92.17%)
Grade - A2 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - बापुनगर,अहमदाबाद

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**पंडित दित्साबेन भावेशभाई**
(पर्सन्टाईल-86.30)
Grade - A2 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - आमरोल,आणंद

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**आयुष मूलचंद शर्मा**
(पर्सन्टाईल-74.68%)
Grade - B1 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - वस्त्राल,अहमदाबाद

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**पंडित वेदांग मोहनभाई**
(पर्सन्टाईल-96.50)
Grade - A1 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - लुणावाडा,महिसागर

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**प्रकृति गोपालभाई शर्मा**
(पर्सन्टाईल-96.63%)
Grade - A1 | कक्षा - 10(बोर्ड परीक्षा)
जिला - बोरसद, आणंद

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**आशी जयेश शर्मा**
(पर्सन्टाईल-98.10)
Grade - A1 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - वडोदरा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**केवन संजयकुमार शर्मा**
(पर्सन्टाईल-83.04%)
Grade - B1 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - हिंमतनगर, साबरकांठा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**रिद्धि चंद्रशेखर शर्मा**
(पर्सन्टाईल-82.31%)
Grade - B1 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - वडोदरा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

## हार्दिक अभिनंदन



**किन्मय संजयकुमार शर्मा**
(पर्सन्टाईल-90.07%)
Grade - A2 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - हिंमतनगर, साबरकांठा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

# 10वी बोर्ड परीक्षा में समाज के छात्र-छात्राओने बढाया गौरव

हार्दिक अभिनंदन



**गुंजन प्रविणभाई शर्मा**
(पर्सन्टाईल-64.98%)
Grade - B2 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - शामलाजी,अरवल्ली
हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

हार्दिक अभिनंदन



**निधि बालमुकुंद शर्मा**
(Percentage-95.34%)
Grade - A2 | कक्षा - 10
जिला - आजवा रोड, वडोदरा
हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

हार्दिक अभिनंदन



**दर्श विपुलभाई शर्मा**
(पर्सन्टाईल-66.87%)
Grade - B2 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - वाघोडिया रोड, वडोदरा
हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

हार्दिक अभिनंदन



**वैशालीबेन सत्यदेव पंडित**
(पर्सन्टाईल-95.79%)
Grade - A1 | कक्षा - 10 बोर्ड परीक्षा
जिला - पानेलाव,हालोल, पंचमहाल
हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

हार्दिक अभिनंदन



**सृष्टि विनोदकुमार शर्मा**
(पर्सन्टाईल-93.4%)
Grade - A2 | कक्षा - 10(बोर्ड परीक्षा)
जिला - वडोदरा
हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

# कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा में समाज के तेजस्वी छात्र-छात्रा को हार्दिक बधाई

हार्दिक अभिनंदन

वर्ष 2025



**रोशनीबेन बाबुभाई शर्मा**
(पर्सन्टाईल - 46.84%)
Grade - B2 | कक्षा - 12 कोमर्स स्ट्रीम
जिला : वडाली, साबरकांठा
हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम

हार्दिक अभिनंदन

वर्ष 2025



**जिया राजेशकुमार शर्मा**
(पर्सन्टाईल - 49.08%)
Grade - B2 | कक्षा - 12 कोमर्स स्ट्रीम
जिला : तरसाली, वडोदरा
हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम

हार्दिक अभिनंदन



**जानवी रविकुमार शर्मा**
(पर्सन्टाईल-88.88%)
Grade - A2 | कक्षा - 12 कोमर्स स्ट्रीम
जिला - गांव.लिम्बासी, मातर-खेडा
हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

हार्दिक अभिनंदन



**विकास कृष्णकुमार पंडित**
(पर्सन्टाईल-90.59%)
Grade - A1 | कक्षा - 12 कोमर्स स्ट्रीम
जिला - कठलाल-खेडा
हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

हार्दिक अभिनंदन



**यश नीतिनभाई शर्मा**
(पर्सन्टाईल-94.75%)
Grade - A2 | कक्षा - 12 कोमर्स स्ट्रीम
जिला - अमराईवाडी,अहमदाबाद
हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

हार्दिक अभिनंदन



**तन्वी सुरेशभाई शर्मा**
(पर्सन्टाईल-80.75%)
Grade - B1 | कक्षा - 12 कोमर्स स्ट्रीम
जिला - वस्त्राल,अहमदाबाद
हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

हार्दिक अभिनंदन



**माही भीखाभाई शर्मा**
(Percentile-48.33%)
Grade - B2 | कक्षा - 12 कोमर्स
जिला - दहेगाम, गांधीनगर
हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश
हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम

# श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज, इंदौर का होली मिलन समारोह एवम मातृशक्ति का गणगौर का भव्य बाना



मनीष शर्मा, सदस्य , गुजरात पत्रिका टीम, इन्दौर : समाज का होली मिलन समारोह नर्सिंग वाटिका, एयरपोर्ट रोड़, इंदौर पर 16 मार्च, 2025 को सुनहरी शाम को अनुमानित 1500 समाजजनों की गौरवमयी उपस्थिति में मनाया गया। जिसमें भजन गायक श्री राम जी हूरकट द्वारा मधुर फ़ाग गीत गाए गए व समाज के महिलाओं व पुरुषों द्वारा उन गीतों पर नाच गाकर होली मिलन समारोह में समा बांधा।

कार्यक्रम के इस गरीमामय अवसर पर सामाजिक परिचय एवम जनगणना 2024 पुस्तक समर्पण एक सराहनीय प्रयास का विमोचन समाज के तीनों संगठन के अध्यक्षों ने अपनी अपनी कार्यकारिणी के साथ किया गया ।जनगणना पुस्तिका में सभी समाज बंधुओ की संपूर्ण जानकारी के साथ-साथ समाज बंधुओ के प्रतिष्ठानों एवं शुभकामनाओं संदेश समाज बंधुओ द्वारा प्रकाशित किए गए हैं, एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी उक्त पुस्तिका में उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में इंदौर शहर के लोकप्रिय सांसद श्री शंकर जी लालवानी एवम राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह जी चौहान ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा सभी समाजबंधुओं को शुभकामनाएं दी।

समाज अध्यक्ष मनीष जी शर्मा, महिला संगठन अध्यक्ष श्रीमती दीपाली जी शर्मा तथा युवा संगठन के अध्यक्ष पवन जी भोंगा व अन्य पदाधिकारियों द्वारा सभी समाजबंधुओं व मातृशक्ति का स्वागत किया गया व माधुर्य भोज का निवेदन किया। समाज के भामाशाहों द्वारा इस कार्यक्रम हेतु बढ़ चढ़कर सहयोग किया गया। अंत में मंत्री महेश पंचोली द्वारा सभी समाजबंधुओं, मातृशक्ति, युवाशक्ति व भामाशाहों का आभार व्यक्त कर रात्रि 11 बजे कार्यक्रम समाप्त हुआ।

सर्वप्रथम दोपहर में शाम 4 बजे मातृशक्ति का गणगौर का भव्य बाना निकाला गया । समाज की मातृ शक्ति ने अति उत्साह के साथ इस आयोजन में भाग लिया। सभी सखिया सजधज कर गणगौर माता के साथ नाचती गाती दुल्हा दुल्हन के साथ नर्सिंग वाटिका से गुरुकुल प्ले स्कूल पहुँची । वहाँ गीतों के साथ झाले दिए। दोहों के साथ ईसर जी एवं गौरा जी को पानी पिलाया गाजे बाजे के साथ आनंदित मातृ शक्ति पुनः नर्सिंग वाटिका पहुँची।

महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती दीपाली जासडावत ने बताया हमारे समाज द्वारा यह आयोजन पिछले कई बर्षो से लगातार किया जा रहा है। वर्ष प्रतिवर्ष मातृशक्ति की उपस्थिति से सामाजिक एकता बढ़ती जा रही है। मंत्री मनीषा कालवानीया ने महिला मंडल के अन्य पदाधिकारियों एवं प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्यों के साथ युवा संगठन व्यवस्था को सुचारू बनाने मेंसहयोग किया।

# जयपुर रनर्स सुपर संडे रन में मिला सेहत का मंत्र

## डॉ.ईशा शर्मा ने दिए डाइट टिप्स, योग गुरु अरविंद सजवान ने कराई कपल एक्सरसाइज




कैलाश शर्मा, गुजरात समाज पत्रिका टीम सदस्य , जयपुर : जयपुर रनर्स क्लब की सुपर संडे वीकली रन सीरीज ने इस रविवार को भी हेल्थ और फिटनेस के नए आयाम छू लिए। क्लब अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शर्मा बागड़ा और वाइस प्रेसिडेंट नितिन गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर आयोजित 4 किमी रन को क्लब के फाउंडर मुकेश मिश्रा और रवि गोयनका ने फ्लैग ऑफ किया। रन के बाद हेल्थ से जुड़े दो बेहद खास सेशन्स भी हुए। इसमें फिट योग गुरु अरविंद सिंह सजवान के नेतृत्व में कपल एक्सरसाइज का सेशन और दूसरा डॉ. ईशा शर्मा द्वारा डाइट टिप्स का मार्गदर्शन खास रहा।

डॉ. ईशा शर्मा के खास डाइट टिप्स देते हुए कहा कि फिटनेस का असली फॉर्मूला दौड़ से पहले शरीर को हल्का, पोषणयुक्त और पचने योग्य फ्यूल देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि केला + नट बटर, भीगे किशमिश, चिया सीड्स के साथ ओट्स, शहद के साथ टोस्ट स्लाइस, दौड़ के दौरान हाइड्रेशन से ही परफॉर्मेंस टिकती है। इसके अलावा नारियल पानी, सेंधा नमक मिला पानी, कुछ खजूर का सेवन करना चाहिए। दौड़ के बाद रिकवरी के रूप में प्रोटीन + सही पोषण अवशोषण का होना जरूरी है। इसमें अंडे, पनीर, दालें, सिंपल प्रोटीन शेक यूज किया जा सकता है। मुकेश मिश्रा ने बताया कि जयपुर रनर्स की पहल सिर्फ दौड़ तक सीमित नहीं रही, बल्कि हेल्थ, न्यूट्रिशन और योग के साथ एक सम्पूर्ण फिटनेस का पैकेज बन गई। रविवार की सुबह जयपुर वालों के लिए सिर्फ रन नहीं, बल्कि रिन्यूअल ऑफ एनर्जी बन गई।

### तो आंत की देखभाल कैसे करें?

फाइबर ज़्यादा खाएं। प्रोबायोटिक चीज़ें जैसे दही, छाछ, और किण्वित (fermented) खाद्य पदार्थ जैसे कांजी लें। साथ ही प्रीबायोटिक्स जैसे केला, बीज, नट्स, साबुत अनाज का सेवन बढ़ाएँ।

### डॉ ईशा ने दिए ये डाइट टिप्स

**दौड़ से पहले :** शरीर को वह देना जो उसे चाहिए, बिना ज़रूरत से ज़्यादा बोझ न डाले। कुछ हल्का, जाना-पहचाना और आसानी से पचने वाला। जैसे– केला और नट बटर, भीगे हुए किशमिश, ओट्स के साथ चिया सीड्स, या फिर शहद के साथ टोस्ट का एक स्लाइस।

**दौड़ के दौरान :** हाइड्रेटेड रहना बहुत ज़रूरी है। नारियल पानी की कुछ सिप्स, कुछ खजूर, या पानी में एक चुटकी सेंधा नमक - ये इलेक्ट्रोलाइट्स को बैलेंस करते हैं, हार्ट रेट को स्थिर रखते हैं, और क्रैम्प्स से बचाते हैं।

**दौड़ के बाद :** क्या होता है, वो और भी अहम है। यहीं से रिकवरी की शुरुआत होती है। आपकी मांसपेशियाँ टूट चुकी होती हैं। वे मरम्मत का इंतज़ार कर रही होती हैं। और ये मरम्मत मिलती है प्रोटीन से - चाहे वो अंडे हों, पनीर, दालें या कोई सिंपल प्रोटीन शेक।

### असल सुपरफूड्स कौन से हैं?

**चुकंदर** - जो रक्त वाहिकाओं को खोलता है।

**आंवला** - जो इम्यूनिटी को तेज करता है।

**हल्दी** - जो छोटी-मोटी अंदरूनी चोटों को बड़ा बनने से पहले ठीक कर देती है।

**बीज** - जो अंदर से हाइड्रेट करते हैं।

**केला** - पोटैशियम के लिए।

**अदरक** - पाचन के लिए।

**गुड़** - ट्रेस मिनरल्स के लिए।

आपकी आंत सिर्फ पाचन का काम नहीं करती। वही आपकी इम्यूनिटी कंट्रोल करती है, आपके मूड को प्रभावित करती है, और ये तय करती है कि आपने जो खाया, उससे आपके शरीर को असल में कितना पोषण मिला। अगर आंत में सूजन है या बैलेंस बिगड़ा हुआ है, तो चाहे आप कितना भी हेल्दी खा लें - फायदा नहीं होगा। क्योंकि बात यह नहीं कि आपने क्या खाया, बल्कि यह कि आपका शरीर कितना अवशोषित कर पाया।

# इंदौर में एक अनूठा विवाह आयोजन जिसका साक्षी संपूर्ण समाज बना

मनीष शर्मा , सदस्य , गुजरात पत्रिका टीम , इन्दौर : इंदौर शहर में एक ऐसा विवाह समारोह संपन्न हुआ जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती, जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। प्रसंग था श्रीमती दीपाली हरीशजी शर्मा (जासड़ावत) एवं श्रीमती करुणा बाबूलालजी शर्मा (भोंगा) परिवार के द्वारा आयोजित राधा रानी एवं श्रीकृष्ण का शुभ विवाह उत्सव। इस अवसर की शुरुआत ऐसे हुई कि श्रीमती दीपाली हरीश जी के यहां लड्डू गोपाल विगत कई वर्षों से पुत्र रूप में (परमानंद) एवं करुणा जी बाबूलालजी के यहां लाडली पुत्री रूप में (रसिका) विराज रहे है।

सर्वविदित है कि भगवान ब्रह्माजी ने श्रीराधाकृष्ण का विवाह भांडीरवन में कराया था, जिसका उल्लेख गर्ग संहिता, आदि पुराण, पद्म पुराण, ब्रह्मवैवर्त पुराण, लाडसागर, श्री महावाणी जी आदि कई ग्रंथों में उल्लेखित है। "गर्ग संहिता में ब्रह्माजी कहते है कि यद्यपि श्रीराधाकृष्ण नित्य दंपत्ति है तथापि मैं लोक व्यवहार की सिद्धि के लिए आप दोनों की वैवाहिक विधि संपन्न कराऊंगा।"

यथा दोनों परिवारों के मन में प्रेरणा हुई कि इनका विवाह किया जाए। सगाई के साथ शुभ विवाह की शुरुआत की गई। फरवरी माह में शुभ मुहूर्त देखकर गणेश जी को पत्रिका नोति गई। उस दिन से इस शुभ विवाह की तैयारी शुरू हो गई।

सर्वप्रथम 1 अप्रैल 25 को माता पूजन श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला से चि. परमानंद (श्रीकृष्ण) एवं सौ.कां. रसिका (राधा रानी) का बाना शीतला माता बाजार पर स्थित शीतला माता मंदिर गया एवं माता पूजन कर विवाह की विधिवत शुरुआत हुई। इस माता पूजन के अनूठे आयोजन में सम्मिलित समस्त महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा भावविभोर हो नृत्य कर भक्तिभाव से माता पूजन किया गया। उसके बाद मेहंदी का आयोजन किया गया। अपराह्न में चि. परमानंद को जनेऊ कार्यक्रम में यज्ञोपवीत धारण कराई गई जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

अगले दिन 2 अप्रैल 2025 को दस्तूर गार्डन इंदौर में प्रातः गणेश पूजन, चाक के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तत्पश्चात हल्दी का 3 घंटे का अभूतपूर्व आयोजन हुआ इसमें हल्दी के

















साथ लट्ठमार होली का मनोहारी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी परिवारजन एवं अतिथियों ने हर्षोल्लास से भाग लिया। इसके बाद सभी उपस्थित समाज बंधुओ ने मालवी व्यंजनो का आनंद लिया। शाम को भोंगा परिवार द्वारा जासड़ावत परिवार को लग्न दिया गया एवं सगाई समारोह किया गया जिसमे चि. परमानंद (श्रीकृष्ण) एवं सौ.कां. रसिका (राधा रानी) की रिंग सैरेमनी हुई। रात्रि को 8:00 बजे से महिला संगीत का अद्भुत आयोजन किया गया इसमें दोनों परिवार द्वारा राधा एवं कृष्ण के सुमधुर गीतों पर प्रस्तुति दी गई। एक अवसर ऐसा आया जब राधा और कृष्ण ने भी झूम-झूम कर नृत्य किया, इस सुअवसर पर उपस्थित समाज बंधुओ ने भी नृत्य कर समारोह को दिव्य बना दिया।

अगले दिन 3 अप्रैल 2025 को श्रीमती शारदा देवी सिंगवाडीया एवं ब्रजेश जी पनवाड़िया, योगेश जी गील, देवेंद्र जी शर्मा द्वारा मामेरा (भात) किया गया जो कि अपने आप में अद्भुत था। दोपहर में 3:00 बजे बारात की अद्भुत बेला थी समस्त बारातियों को लाल चुनरी के फेटे बांधे गए एवं महिलाएं पारंपरिक परिधान में बारात में शामिल हुई। बारात स्कीम नंबर 71 जासड़ावत परिवार के निवास से दस्तूर गार्डन के लिए निकली जिसमें ठाकुर श्री परमानन्द जी बग्गी में सवार होकर निकले। बारात की भव्यता देखते ही बनती थी। बारात का जगह-जगह पर भव्य स्वागत हुआ श्री फूलचंद जी हरसोरा (प्रदीप) आइसक्रीम, श्री पुरुषोत्तमजी जासड़ावत द्वारा फ्रूटी, श्री ब्रजेश जी पनवाड़िया द्वारा ड्राई फ्रूट पैकेट, श्री रामअवतारजी बोटोलिया द्वारा शिकंजी, श्री महेन्द्रजी शर्मा छाछ पैकेट, श्री दिनेश नारायणजी भोंगा द्वारा आइसक्रीम, श्री मनीषजी कालवानिया (जलेबी वाले ) परिवार द्वारा फ्रेशजूस एवं रामस्वरूपजी जासड़ावत द्वारा आइसक्रीम से बारातियों का भव्य स्वागत किया गया एवं गोधूलि बेला के अवसर पर बारात भोंगा परिवार के द्वार पर पहुंची। बारात पहुंचने पर वर राजा परमानंद द्वारा तोरण मारा गया, उसके बाद भोंगा परिवार के वरिष्ठ जनों ने बारात की अगवानी की। तत्पश्चात पंडित हिमांशु जी उपाध्याय द्वारा फेरे की रस्म करवाई गई।

फेरे के बाद दूल्हा और दुल्हन का ऐसा दिव्य प्रवेश (एंट्री) हुआ जो कि उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर आनंदित कर गया। यह दृश्य सभी के मानस पटल पर इस तरह अंकित हो गया कि उन्हें वर्षों याद रहेगा और आनंदित करता रहेगा। वर-वधू की एंट्री के बाद मंच पर जयमाला हुई तत्पश्चात ओम जय जगदीश हरे आरती की गई जिसमें सभी के नेत्र प्रेमाश्रुओं से सजल हो उठे एवं हृदय गदगद हो उठा।

इसी के साथ आशीर्वाद समारोह एवं माधुर्य प्रसादी का आयोजन किया गया रात को 12:00 बजे सजनगोट लगाई गई। रात को 2:00 बजे भोंगा परिवार द्वारा डोली उठाकर राधे रानी की विदाई की गई। प्रातः 4:00 बजे जासड़ावत परिवार द्वारा बहू रसिका (राधा रानी) का गृह प्रवेश कराया गया। इस प्रकार एक अनूठे विवाह का आयोजन इंदौर समाज में पहली बार भव्य रूप में किया गया जिसके साक्षी संपूर्ण समाज जन, इष्ट-मित्र एवं बंधु-बांधव रहे। इस अवसर पर प्रबंध कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री मनीष जी भोंगा व महेश जी पंचोली अपनी टीम के साथ संपूर्ण आयोजन की व्यवस्थाओं में लगे रहे। इंदौर महिला मण्डल अध्यक्ष दीपाली जी जासड़ावत की टीम भी इस विवाह मे सक्रिय रही।

युवा संगठन अध्यक्ष श्री पवन जी भोंगा ओर उनकी टीम जिन्होंने इस विवाह समारोह में अपने कर्तव्य की ऐसी आहुति दी जो हमेशा याद रहेगी। उनकी टीम श्री मुकेशजी LIC, श्री दीपकजी बंदावला, श्री महेंद्रजी बसवाला, श्री नितेशजी जासड़ावत, श्री चेतनजी नहाड़िया, श्री गौरवजी गोगोरिया, श्री सुरेंद्रजी दंडायत, श्री नितेशजी (टिंकू) भोंगा, श्री पीयूषजी गोगोरिया, श्री प्रदीपजी हरसौरा, श्री जितेंद्रजी नहाड़िया, श्री प्रहलादजी भोंगा, श्री हर्षजी भोंगा ... एवं अन्य लोगों द्वारा इस संपूर्ण आयोजन की व्यवस्था में अपना अविस्मरणीय योगदान दिया गया। इस विवाह की तैयारी कम से कम 2 महीने से चल रही थी। इस विवाह समारोह में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात एवं महाराष्ट्र से परिवार शामिल हुए। अंत मे दोनों परिवार द्वारा सभी समाज बंधुओ का हृदयतल से आभार व्यक्त किया गया एवं धन्यवाद दिया गया।

# पत्रिका टीम का विस्तार शुरु - शामिल हुए नए चहरे - शुभकामनाएं



**शनिकुमार राकेशभाई शर्मा**
जिला : हालोल, पंचमहाल
शिक्षा : बीकॉम
संपर्कसूत्र : 7777911504



**हार्दिक भरतभाई शर्मा**
ज़िला :- सिद्धपुर , महेसाणा
शिक्षा:- बी.कॉम, एल.एल.बी.
संपर्क:- 8469397995



**मनीषकुमार हरेशभाई शर्मा**
जिला : मेहसाणा
शिक्षा:डिप्लोमासिविलइंजीनियर
संपर्क : 83204999919



**यज्ञेश कन्हैयालाल पंडित**
जिला : अहमदाबाद (रखियाल)
शिक्षा : MBA
संपर्कसूत्र : 9898550061



**पंडित हितेश बनवारीलाल**
जिला : वडोदरा
शिक्षा : BA
संपर्कसूत्र : 8488923810

# मैं अपनी आँखों से देख तो नहीं सकता, लेकिन जो अपनी आँखों से देखते हैं, उन्हें भक्तिरस में डुबो सकता हूँ - हितेश पंडित

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज - गुजरात के एकमात्र दिव्यांग प्रतिभावान हितेश पंडित (मूलतः वडोदरा से - वर्तमान में गांधीनगर निवासी) ने हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर अद्भुत हारमोनियम बजाकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। अहमदाबाद के चांदखेड़ा स्थित परशुराम चौक पर हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर सुंदरकांड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बीच संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ चल रहा था। जिसमें हितेश पंडित हारमोनियम बजाते नजर आए। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि 100 प्रतिशत अंध होने के बावजूद हितेश पंडित ने काफी समय पहले अपनी उंगलियों से हारमोनियम बजाना सीख लिया था। हितेश भाई ने पढ़ाई में बीए (म्यूजिक स्टडीज) की पढ़ाई पूरी की है। हितेश पंडित संगीतकारों की एक टीम के हिस्से के रूप में कई छोटे और बड़े कार्यक्रमों में हारमोनियम कलाकार के रूप में दिखाई देते हैं। वह हारमोनियम पर अद्भुत वादन करते हैं तथा धार्मिक भक्ति गीतों के साथ-साथ देशभक्ति गीत पर भी धून बजाते हैं। गुजरात पत्रिका टीम हितेश



पंडित की अद्भुत प्रतिभा की सराहना करती है। गुजरात पत्रिका टीमने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए गुजरात पत्रिका परिवार में समाज के "दिव्यांग कलाकार सदस्य" के रूप में आमंत्रित गेस्ट के तौर पर



सहभागी बना लिया है। हितेश पंडित समाज के कई युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जो बहुत कुछ होते हुए भी निराशा में पड़ जाते हैं और जीवन जीने की सही दिशा से भटक जाते हैं। गुजरात पत्रिका टीम से बातचीत में हितेश पंडित ने कहा कि भले ही मैं अपनी आंखों से देख नहीं सकता, लेकिन मैं भक्तों को संगीत की मधुरता में डुबो सकता हूं। हितेश का बस यही शब्द जीवन में सबसे बड़ी ताकत देता है। दिव्यांग या अपंग होना कोई अभिशाप या पूर्वजन्म से जुड़ा रहस्य नहीं है.. हर मनुष्य की रचना अलग और विशिष्ट रूप से हुई है और सामान्य लोगों की अपेक्षा दैवीय शक्ति और विशिष्ट अनुभवों से सुरक्षित दिव्य अंगों की रचना ही दिव्यांगजनों की रचना है.. हितेश पंडित की प्रतिभा को शत-शत नमन...

## बस्सी क्षेत्र के श्री सिद्धपीठ बैनाड़ा धाम में हुआ आयोजन

# हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के सामूहिक सम्मेलन में 11 जोड़े बने हमसफर

जयपुर : दिनांक 12 मई 2025 सोमवार को श्री सिद्धपीठ बैनाड़ा धाम (खेड़ी ईकाई) बस्सी में अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में 24वां सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में 11 जोड़े एक-दूजे के हजारों समाज बंधुओं की मौजूदगी में हमसफर बने और एक-दूसरे का साथ निभाने का वचन लिया।

सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज के भगीरथ बंधुओ द्वारा समाज हित में एक सार्थक सोच व अंगद कदम हैं। सामूहिक विवाह मात्र एक विवाह का आयोजन भर नहीं हैं अपितु इसके प्रभाव व समाज हित में लाभ बड़े दूरगामी हैं। किसी कमजोर, जरूरतमंद या असहाय परिवार की कन्या का विवाह करानें से बढ़कर कोई अन्य पुनीत कार्य नहीं है। अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा सैकड़ों कन्याओं के हाथ सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से पीले कर रही हैं। आप सभी के प्रयासों से समय




की बर्बादी, दान-दहेज व फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों से भी समाज को मुक्ति मिलती है।


आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में को सुबह निकासी, तोरण, वरमाला के बाद फेरे हुए। समारोह में राजस्थान, दिल्ली मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, गुजरात के देशभर से समाज के हजारो समाज बन्धुओं ने भाग लिया। इस दौरान नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत्त शासन मंत्री राजस्थान सरकार जाबरसिंह खर्राजी, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा जी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भाजपा राजस्थान अशोक परनामी जी, पूर्व IAS, भाजपा प्रत्याशी चंद्रमोहन मीणाजी, जमवारामगढ़ विधायक महेन्द्रपाल मीणाजी, बगरू विधायक कैलाश वर्मा जी, विप्र फाउंडेशन के संयोजक सुशील ओझा जी सहित अन्य ने भी विचार रखे।

इस अवसर पर अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय राष्ट्रीय पदाधिकारीगण, प्रदेश पदाधिकारीगण, ज़िला, तहसील, ईकाई एवं युवा संघ पदाधिकारीगण सहित समाज बंधु मौजूद रहे। सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधी चंद शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामनारायण कांजला असरपुरा, कोषाध्यक्ष शंभू कुईवाला, राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम अलियाबाद समेत समाज के अन्य वक्ताओं ने ऐसे सम्मेलनों की आवश्यकता बताई। राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष गोपाल गोगोरिया, राष्ट्रीय सह महामंत्री बंशी बोहरा, राष्ट्रीय संयोजक सुभाष गोगोरिया, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष रामनारायण कांजला, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रमेश शर्मा, युवा राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष सुनील टीलावाला, जयपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष बजरंग लाल बोहरा, युवा प्रदेश अध्यक्ष दुर्गाशंकर उदाला, रमेश गोगोरिया आदि मौजूद रहे। नवविवाहित जोड़ों को मंगलमय जीवन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। जीवन का यह नया अध्याय आप सभी के लिए सुख, समृद्धि एवं मंगलमय हो, यही कामना है।


हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका को दो वर्ष पूरे होने पर हार्दिक बधाई।
यह पत्रिका ज्ञान, रचनात्मकता और समाज के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है।
आशा है कि यह भविष्य में भी जारी रहेगा।
उमेश शर्मा
पुत्र स्व. श्री रामेश्वर कुड़ाया (माधोपुरा वाले) अहमदाबाद
मो.- 9825019516
कोषाध्यक्ष, गुजरात प्रदेश
अ.भा. ह. गौ. ब्रा. महासभा
राजेश शर्मा
पुत्र स्व. श्री रामेश्वर कुड़ाया (माधोपुरा वाले)
मो.- 9909019516
Rameshwar Warehouse
Rameshwar Logistics
Rameshwar Coil Cutter LLP
All Type Plate & Strcures Stock Yard
537/B, opp. Gangeshwar High School, Near Gokul Hotel,
Kanbha, Ahemdabad-382730 Ph.- 02718-286418, 079 65446374


के.एम.ट्रान्स्पोर्ट सर्विस
कमलेश शर्मा
महामंत्री, अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा,गुजरात प्रदेश
M : 9427022758
M : 9898584469
Truck, Trailors, Cranes, Suppliers For All Over India Specialist in O.D.C. Consignment, Carting & Crane Contractor.
नाथाभाई एस्टेट, सनकोर प्लाजा के सामने, जशोदानगर क्रॉस रोड के पास, अमराईवाड़ी, अहमदाबाद-380026
Email : kmts9@yahoo.in


SHREERAM IRON HOUSE
(Iron & Steel Ware House & Loading Unloading)
Kanbha, Ahmedabad
Ramavtar M. Sharma 9898062241
Mukesh M. Sharma 99049 22241
SHREE BAJRANG TRANSPORT
(Transport & Carting Contractor & Crain Loading & Unloading)
Vijay S. Sharma 9664829670
Giriraj R. Sharma 9825019175
Sitaram Sharma 9974981403
SHREE BALAJI TRANSPORT
(Transport & Carting Contractor & Crain Loading & Unloading)
Naresh R. Sharma 9558496512
Jayprakash S. Sharma 7600987776
SHARMA TYRES
AUTHORISED DEALERS : APOLLO TYRES LTD.
Odhav, Ahmedabad
Rakesh R. Sharma 9825008751
Ashish S. Sharma 9979998685
SHARMA TYRES COMPANY
AUTHORISED DEALERS : MRF TYRES
Nana Chiloda Circle, Gandhinagar


VIJAY C. SHARMA
M. 81400 36786
98797 61676
JAIMIN V. SHARMA
M. 70415 07786
Ambica DAIRY PRODUCTS
SINCE 1974
આવો કરીએ સંબંધોની મીઠી શરૂઆત...
બાસુંદી, કેરીનો રસ, મઠો, શ્રીખંડ, વિવિધ ફ્લેવરમાં આઈસ્ક્રીમ, તાજો માવો, માખણ, ફ્રેશ પનીર, પંજાબી દહીં, ચીઝ, ક્રીમ વગેરે શુદ્ધ અને સ્વાદિષ્ટ મળશે.
ઓર્ડર ઉપર પુરતું ધ્યાન આપવામાં આવશે.
લગ્ન તેમજ શુભ પ્રસંગે દરેક આઈટમ વ્યાજબી ભાવે મળશે.
PROPERTY INVESTORS
બ્રાન્ચ-૧ : ચોરીવાડ હાઈસ્કૂલની સામે, તા. ઈડર, જિ. સાબરકાંઠા.
બ્રાન્ચ-૨ : પ્લોટ નં. ૧૦૧, જલારામ સોસાયટી, લાલજીપુરા રોડ, શ્રી રામ બ્લોક ફેક્ટરી સામે, હરિધામ સોખડા.

# आस्था और भक्ति का संगम स्थल है रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग - कमलेश शर्मा(पनवाडिया)

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के कई लोग विभिन्न तीर्थ स्थलों पर जाते हैं। लेकिन आज के भागदौड़ भरे दौर में अगर परिवार के साथ प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों पर जाने का सौभाग्य मिले तो यह बेहद खास अवसर बन जाता है। अहमदाबाद के ईसनपुर में रहने वाले कमलेशजी शर्मा (पनवाड़िया) को जून माह में अपने परिवार के साथ तमिलनाडु स्थित रामेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कमलेश शर्मा ने गुजरात पत्रिका टीम से बातचीत में बताया कि जिस व्यक्ति को अपने जीवन में ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने को मिल जाते हैं, वह भाग्यशाली हो जाता है। क्योंकि यहां साक्षात भगवान शिव का वास है। मैं और मेरा गुजरात का परिवार यहां की वास्तुकला और मंदिर की मूर्तियां देखकर मंत्रमुग्ध हो गए हैं। यह वाकई तमिलनाडु का बेहद खूबसूरत स्थान है।

रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग का महात्म्य रामायण से जुड़ा है। यह माना जाता है कि भगवान राम ने लंका से विजय प्राप्त कर यहाँ भगवान शिव की पूजा की थी, जिससे ब्राह्मणहत्या के पाप का प्रायश्चित हुआ। यहाँ स्थित रामेश्वरम मंदिर में दोनों शिवलिंग (रामलिंग और विश्वलिंग) आज भी विराजमान हैं। रामेश्वरम धाम हिंदुओं के सभी पवित्र तीर्थों में से एक है। प्रकृति की सुंदरता के साथ-साथ ही यह तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में स्थित एक विशालकाय और भव्य मंदिर है। इसके अलावा यहां स्थापित शिवलिंग, द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक माना जाता है। पुराणों में रामेश्वरम का नाम गंधमादन



## दर्शनयात्रा
कमलेश शर्मा (पनवाडिया)

बताया गया है। शिव पुराण में रामेश्वरम में दर्शन मात्र से ब्रह्म हत्या जैसे पाप दूर हो जाते हैं। जो व्यक्ति यहां स्थित भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग पर पूरी श्रद्धा से गंगाजल चढ़ाता है, उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। रामेश्वरम मंदिर जाने के लिए कंक्रीट के 145 खम्भों पर टिका करीब सौ साल पुराना पुल है। जिससे होकर श्रद्धालु गुजरते हैं। समुद्र के बीच से निकलती ट्रेन का तो नजारा ऐसा खूबसूरत है जिसका एहसास आपको यहां जाकर ही होगा। वैसे इस पुल के अलावा सड़क मार्ग से भी यहां पहुंचा जा सकता है। रामेश्वरम मंदिर का गलियारा दुनिया का सबसे बड़ा गलियारा है। यह उत्तर से दक्षिण में 197 मीटर और पूर्व पश्चिम में 133 मीटर लंबा है। इस गलियारे के परकोटे की चौड़ाई 6 मीटर और ऊंचाई 9 मीटर है। मंदिर में प्रवेश द्वार 38.4 मीटर ऊंचा है। यह मंदिर लगभग 6 हेक्टेयर में बना हुआ है।

मान्यताओं के अनुसार, भगवान राम ने लंका विजय की कामना से लंका जाने से पहले भगवान शिव की पूजा करना चाहते थे। तब उन्होंने इस जगह पर महादेव के शिवलिंग की स्थापना कर इसकी पूजा अर्चना की थी। भगवान राम के नाम से ही इस जगह का नाम रामेश्वरम द्वीप और मंदिर का नाम रामेश्वरम पड़ा। पुराणों के अनुसार, रावण एक ब्राह्मण था और ब्राह्मण को मारने के दोष को खत्म करने के लिए भगवान राम भगवान शिव की पूजा करना चाहते थे, लेकिन तब इस द्वीप पर कोई मंदिर नहीं था, इसलिए हनुमान जी को कैलाश पर्वत से भगवान शिव के शिवलिंग लाने के लिए कहा गया। जब हनुमान जी समय पर शिवलिंग लेकर नहीं पहुंच पाए, तब माता सीता ने समुद्र की रेत को मुट्ठी में उठाकर शिवलिंग का निर्माण किया और इसी शिवलिंग की भगवान राम ने पूजा की। हनुमान जी के द्वारा लाए गए शिवलिंग को भी यहीं पर स्थापित कर दिया गया।

रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के मंदिर में 22 पवित्र कुंड हैं, जिन्हें धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान राम ने अपने बाणों से बनाया था। इन कुंडों में स्नान करने से भक्तों को पापों से मुक्ति और आत्मिक शांति प्राप्त होने की मान्यता है। हवाई मार्ग से रामेश्वरम् पहुंचने के लिए मदुरई एयरपोर्ट पहुंचना पड़ता है। मदुरई से 170 किमी दूर रामेश्वरम् स्थित है। यहां से सड़क मार्ग से मंदिर तक पहुंच सकते हैं। रामेश्वरम् से करीब 3 किमी दूर रेल्वे स्टेशन है। यहां देशभर के सभी बड़े शहरों से ट्रेनें पहुंचती हैं। सड़क मार्ग से भी ये तीर्थ सभी बड़े शहरों से जुड़ा हुआ है।


(Disclaimer : इस लेख में दी गई जानकारियां और सूचनाएं सामान्य जानकारी पर आधारित हैं। गुजरात पत्रिका इनकी पुष्टि नहीं करती है)

# कडी के शिक्षा संस्थान द्वारा यज्ञेश पंडित को किया गया सम्मानित




अहमदाबाद के रखियाल में रहने वाले और निप्पॉन पेईन्ट कंपनी में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत यग्नेश पंडित को मेहसाणा जिले के कडी स्थित एसवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान टावर ओवरसीज लिमिटेड के सीईओ विमल अंबानी द्वारा प्रदान किया गया। हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका टीम से बातचीत में यज्ञेश पंडित ने बताया कि हमारी कंपनी निप्पॉन पेईन्ट, कडी के संस्थान से मास्टर डिग्री लेकर निकले प्रतिभाशाली युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देती है। पिछले दो वर्षों में हमारी कंपनी ने इस संस्थान के लगभग 25 छात्रों को नौकरी की पेशकश की है। हमारी कंपनी से प्राप्त समर्थन एवं सहयोग के लिए कडी स्थित इस शिक्षा संस्थान ने मुझे कंपनी प्रतिनिधि के रूप में बुलाकरके सम्मानित किया। मुझे खुशी है कि हमारी कंपनी रोजगार के अवसर पैदा कर रही है। मैं एक ऐसी कंपनी का सदस्य हूं जो युवाओं को पैसा कमाने का अवसर प्रदान करती है। हमारी कंपनी आगे भी स्किल आधारित युवाओं को प्रोत्साहित करती रहेगी।

## निकिता शर्मा ने कनाडा में एमबीए की डिग्री प्राप्त की, गुजरात पत्रिका टीम की ओर से हार्दिक बधाई




हरियाणा गौड़ ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम निकिता गोविंद शर्मा (मूल निवासी बस्सी-जयपुर) को कनाडा-वानकुवर से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) की डिग्री प्राप्त करने पर बधाई देती है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। गौरतलब है कि निकिता शर्मा पिछले दो साल से कनाडा में हैं। और फिलहाल वह वानकुवर (कनाडा) के एक स्कूल में फूलटाईम नौकरी कर रही हैं। जबकि सप्ताह में शनिवार और रविवार को एक सरकारी एनजीओ में काम करती हैं। निकिता कनाडा में ही अपना भविष्य संवारने की सोच रही हैं।

# इंदौर के ईशान शर्मा अमेरिका पहुंचे, वर्ल्ड पुलिस गेम्स में ले रहे हैं हिस्सा

रिपोर्ट पंकज शर्मा, सदस्य, गुजरात पत्रिका टीम : समाज के युवाओं का खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करना किसे पसंद नहीं होता? हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज में युवा छात्र भी अब खेलों में अपना उज्जवल करियर बनाकर समाज और परिवार का नाम रोशन कर रहे हैं। इंदौर के 25 वर्षीय ताइक्वांडो खिलाड़ी ईशान शर्मा इस समय चर्चा में हैं। वे कई सालों से रूसी मार्शल आर्ट में कमाल कर रहे हैं। अपने बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ईशान शर्मा ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक प्राप्त किए हैं। 25 वर्षीय ईशान शर्मा वर्ल्ड पुलिस गेम्स में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका के अलबामा के बर्मिंघम शहर पहुंच गए हैं। जहां 27 जून 2025 से शुरू हुए ये खेल 6 जुलाई 2025 तक चलेंगे। ईशान शर्मा अंडर-80 किलोग्राम स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ईशान शर्मा इस समय सीआईएसएफ, नई दिल्ली में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। उनके पिता का नाम अरविंद शर्मा (गोत्र - तूंदवाल पंचोली) है और उनकी मां का नाम कृति शर्मा है। वे इंदौर रेलवे स्टेशन के पास रहते हैं। उनके परिवार में सिद्धार्थ शर्मा नाम का एक बड़ा बेटा भी है। और वह पिछले छह सालों से कनाडा में सेटल है। गौरतलब है कि ताइक्वांडो एक कोरियाई मार्शल आर्ट है जिसमें सिर की ऊंचाई पर किक, कूदना और घूमना तथा तेज़ किक तकनीक पर ज़ोर दिया जाता है। तायक्वोंडो एक पारंपरिक कोरियाई मार्शल आर्ट है, जिसका अर्थ है "लात मारने और मुक्का मारने का तरीका"। ताइक्वांडो एक ही मैच में दो खिलाड़ी खेलते हैं। विश्व ताइक्वांडो के नियम के अनुसार, एक खेल में दो प्रतियोगी एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हैं, और प्रत्येक



खेल में सिर्फ दो खिलाड़ी भाग लेते हैं। समाज में ऐसी कई अन्जान प्रतिभाएं छिपी हुई हैं। गुजरात पत्रिका की टीम ने ऐसी प्रतिभाओं को खोजने के लिए टैलेंट सर्च अभियान(प्रतिभा खोज अभियान) चलाया हुआ है। इतना ही नहीं, समाज के विभिन्न मंचों पर उनके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी और संघर्ष के मुद्दों को पोस्ट कर समाज को अवगत भी करती है। और आगे बढने के लिए प्रोत्साहन देती है। अगर आपके आसपास हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के किसी व्यक्ति या विशेष प्रतिभा के बारे में कोई जानकारी है तो गुजरात पत्रिका टीम से जरूर संपर्क करें। हमारी टीम उनकी विशेष जानकारी पत्रिका में प्रकाशित कर समाज के हित में एक महत्वपूर्ण दिशा देने का काम करेगी। अब समाज के प्रतिभाशाली लोग समाचार पत्रों पर निर्भर नहीं रहेंगे। क्योंकि समाज की अपनी हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका है। जो समाज द्वारा, समाज के लोगों द्वारा और समाज के लिए तैयार की जाती है। या त्रिमासिक पत्रिका है जिसे फेसबुक , वाट्सअप, वेबसाईट पोर्टल पर भी यह पत्रिका सार्वजनिक रुप से अपलोड की जाती है। जय परशुराम

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**परमपिता परमेश्वर गं.स्व.गीतादेवी भरतलाल शर्मा (निवासी देलोल-कालोल-पंचमहाल) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे।**

**भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति**

**(स्वर्गवास तारीख - 25 मई 2025)**

**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**परमपिता परमेश्वर स्व.नंदकिशोरजी मदनलाल शर्मा (निवासी- पाटण) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे।**

**भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति**

**(स्वर्गवास तारीख - 15 जून 2025)**

**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

# परशुराम जन्मोत्सव

## पर कैबिनेट मंत्री के साथ समाज के युवावर्ग भी नगर शोभायात्रा में बने सहभागी



रिपोर्ट हार्दिक शर्मा, सिद्धपुर, गुजरात पत्रिका टीम : ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुरामजी की जयंती के अवसर पर सिद्धपुर में श्री औदीच्य सहस्त्र ब्राह्मण जाति द्वारा आयोजित भव्य नगर शोभायात्रा में उद्योगपति एवं गुजरात सरकार में उद्योग कैबिनेट मंत्री बलवंतसिंह राजपूत ने भगवान परशुरामजी की आरती एवं पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। जिसमें हरियाणा ग्राउंड ब्राह्मण समाज के युवा दिलीपकुमार शर्मा, हार्दिककुमार शर्मा, भरतभाई शर्मा, जयभाई शर्मा, आशीषभाई शर्मा, मनीषभाई शर्मा, धार्मिकभाई शर्मा, हितेशभाई शर्मा, लवकुशभाई शर्मा, देवभाई शर्मा, हरेशभाई शर्मा एवं ब्राह्मण समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने नगर शोभा यात्रा में भाग लिया जिसके बाद ब्रह्मभोजन का आयोजन किया गया एवं प्रसाद ग्रहण किया गया।

## डॉ. दौलत कुमार शर्मा को मिला क्लास-1 में प्रमोशन



प्रा. डॉ. दौलत कुमार शर्मा, सरकारी इन्जिनियरिंग कोलेज, गांधीनगर

गांधीनगर में एसोसिएट प्रोफेसर (मेटर्लजी इंजीनियरिंग) के रूप में कार्यरत डॉ. दौलत कुमार शर्मा को भी क्लास-1 में प्रमोशन मिलने पर हार्दिक बधाई.. हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज - गुजरात पत्रिका टीम प्रोफेसर डॉ. दौलत कुमार शर्मा को उनकी पदोन्नति पर बधाई देती है।

## खुशी संजय शर्मा बैचलर ऑफ फार्मेसी की डिग्री हासिल कर समाज का गौरव बढाया







हरियाणा गौड़ ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम की ओर से खुशी संजय शर्मा (निवासी छाणी-वडोदरा) को अप्रैल 2025 में बैचलर ऑफ फार्मेसी की डिग्री हासिल कर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करने के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। बीफार्म में खुशी शर्मा ने प्रथम श्रेणी में डिस्टिंक्शन के साथ उत्तीर्णता प्राप्त की है। इतना ही नहीं, उन्होंने NIPER((National Institute of Pharmaceutical Education and Research) परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करके समाज को गौरवान्वित किया है।

# "Education for Sustainable Development"

## विषय पर मिला प्रमाणपत्र

हमारे समाज बंधु डॉ. दौलत कुमार शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, गांधीनगर ने आईआईटी खड़गपुर द्वारा आयोजित सतत विकास के लिए शिक्षा (Education for Sustainable Development) विषय पर एनपीटीईएल ऑनलाइन पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसमें उन्होंने 100% अंक (असाइनमेंट में 25/25 और प्रोक्टर्ड परीक्षा में 75/75) प्राप्त करते हुए पाठ्यक्रम टॉपर प्रमाणपत्र प्राप्त किया है। उन्होंने 7423 प्रतिभागियों में से शीर्ष 1% में स्थान प्राप्त किया है। 12-सप्ताह का एनपीटीईएल पाठ्यक्रम इस बारे में सीखने के अनुभव को समृद्ध करता है कि शिक्षा किस प्रकार एक सतत विकास के भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। सतत विकास (Sustainable Development) का मतलब है कि वर्तमान पीढ़ी की जरूरतें पूरी की जा सकें, साथ ही भविष्य की पीढ़ियों की भी अपनी जरूरतें पूरी करने की क्षमता बनी रहे। यह विकास का वह रूप है जो आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय पहलुओं के बीच संतुलन बनाए रखता है। सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए, हमें आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक नीतियों को एक साथ काम करने की आवश्यकता है।



NPTEL-AICTE
Faculty Development Programme
This certificate is awarded to
DAULAT KUMAR SHARMA
for successfully completing the course
Education for Sustainable Development
with a consolidated score of 100 %
Prof. Andrew Thangaraj
(Jan-Apr 2025)
Roll No: NPTEL25HS1251045400261
Duration of NPTEL course: 12 Weeks

## ट्विंकल शर्माने BAMS - प्रथम वर्ष में फर्स्ट क्लास परिणाम प्राप्त किया

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम की ओर से BAMS (बैचलर ऑफ आयुर्वेद मेडिसिन एंड सर्जरी) के प्रथम वर्ष मार्च 2025 में फर्स्ट क्लास परिणाम प्राप्त करने पर पारुल युनिवर्सिटी - वडोदरा - की छात्रा ट्विंकल विपुलभाई शर्मा(सुपुत्री - विपुल गोपालदास शर्मा, वाघोडिया रोड, वडोदरा) को बधाई। BAMS अध्ययन के शेष वर्षों में भी उत्कृष्ट परिणामों के लिए शुभकामनाएं।







## वित्तीय सलाहकार और कंपनी विश्लेषक के तौर पर पार्यन शर्मा ने चुनी नई राह





पाटण निवासी पार्यन जगदीशप्रसाद शर्मा ने मात्र डेढ़ साल की छोटी सी अवधि में अपने ट्विटर अकाउंट पर 15,000 फॉलोअर्स का आंकड़ा सफलतापूर्वक पार कर लिया है, जिसके लिए पार्यन शर्मा को गुजरात पत्रिका टीम की तरफ से बहुत-बहुत बधाई। पार्यन ट्विटर पर आईपीओ विश्लेषण, कंपनी विश्लेषण और अन्य वित्त-संबंधी पोस्ट साझा करते हैं। पिछले एक साल में करीब 8500 पोस्ट शेयर की गई हैं, जिन्हें करीब दो करोड़ दर्शक मिले हैं।

# दहेगाम के युग पंडित ने क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया

महाराष्ट्र में आयोजित टूर्नामेंट में दहेगाम क्रिकेट अकादमी चैंपियंस की अंडर-14 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। 16 जून को आयोजित टूर्नामेंट में दहेगाम चैंपियंस ने नासिक वॉरियर्स और संगमनेर टीम को हराया। सलामी बल्लेबाज युग पंडित ने 27 गेंदों में 38 रनों की शानदार पारी खेली। जिसके चलते मैन ऑफ द मैच का खिताब युग पंडित को दिया गया।







# UPSC परीक्षा-2024 : निखिल शर्मा 104वीं रैंक हासिल हासिल कर समाज का गौरव बढाया

UPSC सिविल सेवा परीक्षा-2024 में समाज के भरतपुर निवासी निखिल शर्मा सुपुत्र श्री गोपाल जी शर्मा बयाना, भरतपुर ने 104वीं रैंक हासिल कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में अंतिम चयन होना हम सभी के लिए गर्व व गौरव का विषय है। 23 वर्षीय निखिल वर्तमान में IPS अधिकारी हैं और हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल नेशनल पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। निखिल ने अपने पहले प्रयास में 252वीं रैंक हासिल की थी। इस बार की रैंक से उन्हें भारतीय विदेश सेवा (IFS) में जाने का अवसर मिल सकता है। निखिल के पिता रिटायर्ड टीचर है। निखिल ने कोटा से 12वीं और बीएससी बायोलॉजी की पढ़ाई की है। उनके बड़े भाई नरेंद्र शर्मा बैंक में पीओ के पद पर कार्यरत हैं। निखिल को ऐतिहासिक उपलब्धि पर ढेरों बधाई और उज्ज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएँ।





## हैरी शर्माने नेशनल टेलेन्ट ओलम्पियाड में लिया हिस्सा




वर्ष 2025 में कक्षा 8 में पढाई कर रहे हैरी धर्मेंद्र शर्मा (वडाली-साबरकांठा) को राष्ट्रीय प्रतिभा ओलंपियाड (नेशनल टेलेन्ट ओलम्पियाड) प्रतियोगिता में तीन चरणों की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने पर पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम हैरी शर्मा को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देती है। और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

# व्रज पुरोहित अहमदाबाद के भाईपुरा-हाटकेश्वर वार्ड के उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज - गुजरात पत्रिका टीम की ओर से व्रजनंदन कमलेशभाई पुरोहित उर्फ व्रज पुरोहित को भारतीय जनता पार्टी अहमदाबाद महानगर के वार्ड क्रमांक 43-भाईपुरा-हाटकेश्वर वार्ड का उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भाजपा - देश की सत्तारूढ़ और सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी तथा 12 करोड़ से अधिक सक्रिय कार्यकर्ताओं वाली पार्टी है। यह नियुक्ति भाजपा के गुजरात क्षेत्र संगठन और अहमदाबाद शहर प्रभारी संजयभाई पटेल के साथ विचार-विमर्श के बाद की गई। यह हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज-गुजरात के लिए गौरव की बात है। व्रज पुरोहित को फिर एकबार हार्दिक शुभकामनाएं। हमे विश्वास है कि आपके कुशल मार्गदर्शन में मंडल का संगठनात्मक ढांचा और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी के विचारों और नीतियों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का कार्य नए उत्साह और ऊर्जा के साथ होगा।







# विश्व योग दिवस मनाया : योग संचालिका अनिता शर्मा ने किया विशेष कार्यशाला का आयोजन



21 जून को योग दिवस पूरी दुनिया में मनाया गया। उस समय इंदौर में भी योग दिवस पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया था। इंदौर संस्था अरुयोगासन की योग संचालिका और सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अनिता शर्मा - गोगोरिया- सदस्य-श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज इंदौर म.प्र के द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा भाव के जरिए समाज में भी आम लोगों को उनके सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है इसी कड़ी में योग के माध्यम से लोगो मे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रसार करने हेतु उनके द्वारा विश्वविख्यात शंकरा आई सेंटर, इंदौर की विजय नगर में स्थित शाखा में 11th अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में संस्था अरुयोगासन के द्वारा योगा की विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

श्रीमती अनिता शर्मा ने बताया कि 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' हर साल 21 जून को मनाया जाता है। हर वर्ष इस दिन को एक खास थीम के साथ मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य योग के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना होता है। योग दुनिया को प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाता है बल्कि आपके मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। हर साल 21 जून को दुनिया योग के अभ्यास का सम्मान करने और दुनिया भर में इसके लाभों को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाती है। इसका भी अपना एक खास महत्व है. 21 जून साल का सबसे लंबा दिन होता है. इसे ग्रीष्म संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में अध्यात्म के लिए यह दिन बेहद खास माना जाता है और इसीलिए इसे योग दिवस के लिए भी चुना गया। योग मन, शरीर और पृथ्वी को जोड़ता है। इस वर्ष का विषय, "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" व्यक्तिगत स्वास्थ्य और वैश्विक स्थिरता में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालता है। जो सामूहिक कार्यक्रम, पर्यावरण अभियान और समावेशी सत्र इस उत्सव को चिह्नित करते हैं।

**एक पृथ्वी:** मनुष्य, पशु और पौधे सहित सभी जीवित प्राणी हमारे ग्रह को अपना घर मानते हैं। हमें प्राकृतिक दुनिया के साथ शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व बनाए रखते हुए इसकी देखभाल करनी चाहिए।

**एक स्वास्थ्य:** पर्यावरण की स्थिति का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। जब हम अपने पर्यावरण और खुद का ख्याल रखते हैं तो सभी को फायदा होता है।

# श्री समस्त गुजरात ब्रह्म समाज (राज्यकक्षा) द्वारा पत्रकार पंकज शर्मा को किया गया सन्मानित




अहमदाबाद के सायन्स सीटी में श्री समस्त गुजरात ब्रह्म समाज (राज्यकक्षा) द्वारा आयोजित मेगा ब्राह्मण बिजनेस समिट - 4 में हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज के एकमात्र टीवी एन्कर एवं पत्रकार पंकज शर्मा को अवॅर्ड सन्मान प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। यह सन्मान मार्च 2025 में 17 सालो से उनकी पत्रकारिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के लिए दिया गया था। गुजरात पत्रिका टीम से बातचीत में पंकज शर्माने बताया कि श्री समस्त गुजरात ब्रह्म समाज के मुख्य कन्वीनर(संयोजक) डॉ.यज्ञेश दवे ने इस समारोह के लिए विशेष न्यौता भेजा था। जिस में गुजरात भर से ब्राह्मण समुदाय से बिजनेसमेन एवं विभिन्न क्षेत्रो से जुडे ब्राह्मण बंधुओ से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। मेरे लिए यह बहुत गर्व और विशेष अनुभूति की बात है कि गुजरात का ब्राह्मण समाज मुझे अपने समारोह में शामिल कर रहा है और मेरा सम्मान भी कर रहा है। मैं इस सम्मान के लिए यज्ञेश दवे और श्री समस्त गुजरात ब्राह्मण समाज (राज्य स्तरीय) की टीम का आभार व्यक्त करता हूँ। मैं गुजरात में ब्रह्म समाज को जहां भी जरूरत होगी, सहयोग देता रहूंगा। गौरतलब है कि इस मेगा समिट में ब्राह्मण उद्योगपतियों के 300 से अधिक स्टॅाल लगाए गए थे। 600 से अधिक कंपनियों के ब्राह्मण प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसमें ब्राह्मण कम्पनियों के साथ-साथ गैर-ब्राह्मण कम्पनियों ने भी भाग लिया। ब्राह्मण समुदाय के युवाओं को रोजगार देने वाली 600 से अधिक कंपनियों ने इसमें भाग लिया। रोजगार मेले के दौरान मौके पर ही नियुक्ति पत्र देने की व्यवस्था की गई थी। समाज में विशेष प्रतिभा रखने वाले तथा देश-विदेश में समाज का नाम रोशन करने वाले ब्रह्म रत्नों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल भी मौजूद थे। पंकज शर्माने बताया कि गुजरात के ब्रह्म समाज से हमे यह सीखने और समझने की आवश्यकता है कि सामाजिक व्यवस्थाएं कैसे बनाई जाए? और उन्हें सुचारू रूप से कैसे संचालित किया जाए। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज - गुजरात प्रदेश के टोप पदाधिकारीओ को सामाजिक कार्यक्रमों के प्रबंधन के संबंध में गुजराती ब्राह्मण समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों से भी मार्गदर्शन लेना चाहिए। क्योंकि गुजरात के ब्राह्मण समाज के लोग हमारे अपने ही ब्राह्मण भाई-बहन है। हमें स्वयं को इससे अलग नहीं करना चाहिए। हमें यह समझना चाहिए कि ब्राह्मण परिवार में जन्म लेने से कोई ब्राह्मण नहीं बन जाता। लेकिन सच्चा ब्राह्मण कोई तभी बन सकता है जब उसका आचरण ब्राह्मण जैसा हो। इस धरती पर ऐसे ब्राह्मण हैं जिनके विचार शुद्ध हैं और वे हमसे श्रेष्ठ हैं। हमें उनके पास जाकर मार्गदर्शन लेने की जरूरत है। समन्वय की आवश्यकता है। ब्राह्मण अपने गुणों, आचरण और कार्यों से जाना जाता है। अहंकार या डींग हांकने से नहीं।

## अहमदाबाद : पुष्कर सीनियर सिटीजन ग्रुप द्वारा सुंदरकांड कार्यक्रम



पुष्कर सीनियर सिटीजन ग्रुप द्वारा अहमदाबाद के इसनपुर में सुंदरकांड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अहमदाबाद के समाजबंधु एवं समाज के रहीश कमलेशभाई शर्मा (पनवाड़िया) उपस्थित रहे। इस सुंदर कांड कार्यक्रम में मणिनगर के विधायक अमूल भट्ट भी मौजूद रहे और उन्होंने सुंदर कांड का आनंद उठाया।

## सिद्धपुर महिलाओं द्वारा गणगौर पूजन किया गया



सिद्धपुर में हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज की कुछ महिलाओने मिलकर गणगौर पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। हाथ में पूजा की थाली लिए और सोलह श्रृंगार से सजी महिलाओं ने गणगौर माता की पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र और समृद्धि लिए प्रार्थना की। इस दौरान महिलाओं ने गौरी माता की कथा सुनाई। गणगौर पूजन एक धार्मिक अनुष्ठान है जो हिंदू धर्म में चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। यह व्रत और पूजा मुख्य रूप से विवाहित महिलाओं द्वारा की जाती है, जो अपने पति की लंबी उम्र और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। यह पर्व खासतौर पर राजस्थान और मध्य प्रदेश में लोकप्रिय है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर नीम करोरी बाबा की फोटोफ्रेम भेंट की



अहमदाबाद : 12 अप्रैल 2025 हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पाटण के जगदीशभाई शर्मा ने अहमदाबाद के सांचरडा स्थित नीम करोरी बाबा (कैंचीधाम) से प्रेरित संकटमोचन हनुमान मंदिर में सपरिवार दर्शन किए तथा मंदिर ट्रस्ट को नीम करोरी बाबा का फोटो फ्रेम भेंट किया। इस दौरान उनकी मुलाकात मंदिर के ट्रस्टी डॉ. प्रवीण गर्ग (चिकित्सक) से हुई। यह देश का चौथा ऐसा मंदिर है जहां हनुमानजी विश्राम मुद्रा में बैठे हुए नजर आते हैं। और इसका निर्माण नीम करोरी बाबा के मार्गदर्शन और प्रेरणा से किया गया था। पत्रकार पंकज शर्मा एवं उनके परिजन भी उपस्थित रहे।


वर-वधू खोज अभियान
हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज



शांति सेवा फाउन्डेशन गुजरात

आप भी इस ग्रुप से जुडिए और सिर्फ समाज के अपने परिजन के शादीपात्र युवक-युवतीयो के बायोडाटा पोस्ट करके या करवाकर हमारी इस अभिनव पहल में सहभागी एवं सहयोगी बने

संपर्क सूत्र - पंकज शर्मा 8000309379

- सिर्फ समाज युवक-युवती के बायोडाटा
- हिन्दी या अंग्रेजीमां भेज सकते है
- निर्धारित फार्मेट में भेजना है बायोडाटा
- आप अपनी प्राथमिकता बता सकते है
- सभी राज्यो से बायोडाटा भेज सकते है
- बायोडाटा में सही विवरण लिखे
- योग्य पात्र के लिए विकल्प का अवसर
- रिश्ते के लिए स्वयं संपर्क करना है